तापमान

अधिकतम 21 डिग्री

न्यूनतम 7 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 6 जनवरी 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 देश के परिवर्तन में युवाओं का बड़ा योगदान



## खबर संक्षेप

### फुटबॉल का फाइनल मुकाबला आज



**नगर।** जिले के ग्राम उमझर के फुटबॉल ग्राउंड में पिछले 20 दिनों से जारी चैलेंज कप फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 6 जनवरी को खेला जाएगा। खिताबी मुकाबले में सागरपुर और करंजी की टीमें आमने-सामने होंगी। सेमीफाइनल के रोमांचक मुकाबलों में सागरपुर ने उमझर को, जबकि करंजी ने फूलपुर को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच को लेकर खिलाड़ियों के साथ-साथ क्षेत्र के खेलप्रेमियों में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है।

### भारतीय रेडक्रॉस समिति की बैठक कल

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की प्रबंध समिति की बैठक आगामी 7 जनवरी को आयोजित की जाएगी। यह बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में संपन्न होगी। बैठक में रेडक्रॉस से संबंधित विभिन्न गतिविधियों, योजनाओं एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की जाएगी। संबंधित सदस्यों से समय पर उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

### सोनहत में जोरदार ठंड से जनजीवन प्रभावित



**सोनहत।** खंड स्तर पर विगत दो दिनों से कड़ाके की ठंड पड़ने से आमजन बेहाल नजर आ रहे हैं। स्थिति यह है कि सुबह 8-9 बजे तक घना कुहरा छाया रहता है और दिनभर हल्की धूप निकलने के बावजूद ठंड का असर बना हुआ है। शाम 4 बजे के बाद से ही घरों व सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलने लगते हैं। खासकर विभिन्न प्रतिष्ठानों के सामने दुकान संचालक स्वयं अलाव की व्यवस्था कर ठंड से बचाव करते नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार रात में कड़ाके की ठंड पड़ने से विशेषकर वातजन्य रोगियों में सर्दी, खांसी जैसी समस्याएं आम हो चली हैं, इससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

### वार्ड में अंधेरे से मिली राहत



**बैकुण्ठपुर।** वार्ड क्रं. 5 पुराने न्यायालय के पीछे दो स्ट्रीट लाइट खराब हो गई थी, इसके चलते वार्डवासियों को शाम ढलने के बाद आवागमन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता था, इसकी शिकायत वार्ड पार्षद को किए जाने के बाद पार्षद धीरज शिवहरे ने पहल करते हुए वार्डवासियों की मांग पर सुधार कार्य कराया, इससे कि अब लोगों को शाम ढलने के बाद आवागमन में अंधेरे का सामना नहीं करना पडेगा।

### दस्तावेज सत्यापन के लिए समिति गठित

**बलरामपुर।** निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के दौरान नो मैपिंग प्रकरणों के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी लॉगिन के माध्यम से नोटिस जारी कर संबंधितों को उपलब्ध करा दिया गया है। ऐसे सभी प्रकरण, जिनमें निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा बीएलओ द्वारा दस्तावेज अपलोड किए गए हैं, इसके सत्यापन हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कटारा द्वारा जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है।

---

9 करोड़ 46 लाख रूपए की लागत से होगा निर्मित

# खड़गवां में आधुनिक कृषि कॉलेज भवन का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

- मंत्री द्वय रामविचार और श्यामबिहारी रहे मौजूद

एमसीबी जिले के कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र खड़गवां के नवीन भवन का विधिवत भूमिपूजन हुआ। करीब 9 करोड़ 46 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाला यह आधुनिक एवं बहुउद्देशीय भवन क्षेत्र के किसानों, युवाओं एवं कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छग शासन में आदिम जाति विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी, मत्स्य पालन तथा पशुधन विकास विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम रहे। समारोह की अध्यक्षता लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास तथा 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग के मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने की। विशेष अतिथि के रूप में जनपद पंचायत खड़गवां अध्यक्ष श्रीमती श्यामबाई मरकाम, उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह करियाम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रिया सिंह, जनपद सदस्य युगांतर श्रीवास्तव, ग्राम पंचायत पोड़ीडीह की सरपंच सुश्री जया मरावी एवं ग्राम पंचायत खड़गवां के सरपंच सुखित लाल अगरिया सहित वरिष्ठ नागरिग एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



भूमिपूजन में उपस्थित मंत्री सहित नागरिक।

प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र खड़गवां की स्थापना क्षेत्र के लिए एक दूरदर्शी और ऐतिहासिक निर्णय है। यह महाविद्यालय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की स्वीकृति से संभव हो सका, जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

# सीसी सड़क जर्जर, राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर







जनपद पंचायत मुख्यालय सोनहत स्थित तहसील कार्यालय पहुंच मार्ग के लिए सीसी सड़क निर्माण कार्य कराया गया था, जो अब जर्जर होते जा रहा है।

तहसील के निकट सीसी सड़क पर सड़क की गिट्टी बाहर निकल आई है। गुणवत्तायुक्त सीसी सड़क का निर्माण कार्य नहीं कराए जाने के कारण ही कुछ ही वर्ष में सीसी सड़क की बदहाली सामने दिखाई देने लगी है, इसके चलते लोगों को थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। तहसील कार्यालय सोनहत पहुंचने के लिए बनाई गई सीसी सड़क से सीमेंट की परत उखड़ने लगी है और तहसील कार्यालय के निकट की सीसी सड़क की स्थिति और भी ज्यादा खराब हो गई है। वहीं तहसील कार्यालय सोनहत के सामने अहाते के किनारे से पानी निकासी के लिए नाली का निर्माण भी नहीं कराया गया है, इसके चलते बरसात के समय लोगों को तहसील कार्यालय आवागमन में परेशानी होती है। जानकारी के अनुसार तहसील कार्यालय के उपरी हिस्से से बरसात के दौरान पानी का तेज बहाव होते हुए गुरजता है, इसमें से होकर लोगों को कार्यालय में प्रवेश करना पड़ता है। कार्यालय के सामने पक्की नाली का निर्माण करा दिया जाता है तो बरसात में कार्यालय आने-जाने वाले लोगों एवं अधिकारी-कर्मचारियों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता।

## गौठान हो गए बदहाल...



**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के ग्राम घुघरा स्थित आदर्श गौठान सरकार बदलने के बाद बदहाल हो गया। ऐसा जिले के सभी पंचायतों में स्थित गौठानों की है, जिन्हें संवारने के लिए लाखों करोड़ों रूपए फूंक दिए गए थे।

### डिवाइडर से टकराई बाइक नाबालिग चालक की मौत

**अम्बिकापुर।** दोस्त को छोड़कर अन्य दोस्तों के साथ घर लौट रहा किशोर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे डिवाइडर से टकरा गया। दुर्घटना में गंभीर हुए नाबालिग की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार अजिरमा निवासी सुजीत तिर्की आ. सुशील तिर्की (15 वर्ष) बीती रात लगभग 9 बजे परिजन को बिना बताए ही बाइक लेकर अन्य दोस्तों के साथ अलग-अलग बाइक से दोस्त को छोड़ने काली घाट गया था। दोस्त को छोड़ने के बाद वापस घर लौटने लगे तभी काली घाट की समीप ही सुजीत तिर्की बाइक से नियंत्रण खो बैठा और अनियंत्रित होकर सड़क किनारे डिवाइडर से टकरा गया। परिजन किशोर को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया।

# प्रभारी मंत्री नेताम पहुंचे वृद्धाश्रम, बुजुर्गों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम सोमवार को धौराटिकरा बैकुंठपुर स्थित वृद्धाश्रम का भ्रमण कर वहां निवासरत बुजुर्गों से आत्मीय मुलाकात की।

इस दौरान मंत्री श्री नेताम ने बुजुर्गों के साथ काफी समय तक संवाद किया तथा उनके स्वास्थ्य, दैनिक दिनचर्या एवं आश्रम की व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। मंत्री से चर्चा के दौरान बुजुर्गों ने खुलकर अपने अनुभव साझा किए और कहा कि कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी कलेक्टर कम, बेटी ज्यादा लगती हैं। वे नियमित रूप से यहां आती हैं, हमसे हालचाल पूछती हैं, हमारे अनुभव सुनती हैं और कभी अपने अनुभव भी साझा करती हैं। अपने हाथों से बनाए आचार हो या कोई पकवान जरूर लेकर पहुंचती हैं। आते ही हम सभी के पैर छू कर आशीर्वाद लेना नहीं भूलती। पद कितना भी बड़ा हो, जब इंसान में मानवीयता, संवेदनशीलता और उदारता का गुण समाहित हो तो उन्हें समाज बड़ा बनाता है और वह सभी वर्गों के लिए प्रेरणादायी बनता है।



प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने बुजुर्गों को बांटे गर्म कपड़े।

बुजुर्गों की यह भावनात्मक बातें सुनकर मौके पर उपस्थित अधिकारीगण भी कुछ समय के लिए भावुक हो गए। मंत्री श्री नेताम ने कहा कि आज जिस स्थान पर हम पहुंचे हैं, वहां बुजुर्गों का आशीर्वाद और जीवन अनुभव सबसे बड़ा मार्गदर्शन है।

उन्होंने कहा कि जीवन एक चक्र है, शैशव, किशोरावस्था, युवावस्था और अंततः बुजुर्ग अवस्था इस दौर से हम सभी को गुजरना है। मंत्री श्री नेताम ने कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की सराहना करते हुए कहा कि बुजुर्गों के लिए केयर सेंटर प्रारंभ करना एक अत्यंत सराहनीय और संवेदनशील पहल है। उन्होंने इस अवसर पर वृद्धजन को ▶▶ शेष पेज 4 पर

# रेलवे परियोजना से प्रभावित किसानों ने पूर्व विधायक को सौंपा ज्ञापन

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के ग्राम पंचायत बंजी चिरईपानी में प्रस्तावित रेलवे परियोजना से प्रभावित किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पूर्व विधायक गुलाब कमरो से मुलाकात कर उन्हें आवेदन पत्र सौंपा। किसानों ने भूमि अधिग्रहण में तय किए गए मुआवजे को बाजार दर से अत्यंत कम बताते हुए इसे अन्याय पूर्ण करार दिया।

ग्रामीण किसानों का कहना है कि प्रशासन द्वारा निर्धारित मुआवजा न तो वर्तमान बाजार मूल्य के अनुरूप है और न ही इससे प्रभावित परिवारों के पुर्नवास की समूचित व्यवस्था हो पा रही है। किसानों ने अपनी प्रमुख मांगों में भूमि के बदले चार गुना मुआवजा, गाइडलाइन दरों में तत्काल संशोधन, प्रभावित परिवारों का उचित पुर्नवास, प्रत्येक प्रभावित परिवार के एक सदस्य को स्थायी नौकरी दिए जाने की मांग की है। किसानों ने आरोप लगाया कि भूमि अधिग्रहण के दौरान ग्राम सभा में भ्रामक आश्वासन देकर उनकी सहमति ली गई, जबकि बाद में सामने आई वास्तविक मुआवजा दरें अत्यंत कम और अन्यायपूर्ण हैं। उन्होंने बताया कि सूची के अनुसार सरभोका, सरौला, सेंधा, नागपुर एवं सिरियाखोह जैसे आसपास के गांवों की गाइडलाइन दरें काफी अधिक निर्धारित की गई हैं, जबकि बंजी और चिरईपानी की भौगोलिक स्थिति इन गांवों के समान या कई मामलों में बेहतर होने के बावजूद यहां की दरें भेदभावपूर्ण तरीके से कम रखी गई हैं। इस अवसर पर किसानों ने पूर्व विधायक गुलाब कमरो से मामले में हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने की अपील की।



### सूखे पेड़ों को काटने की जरुरत पार्षद ने सीएमओ को लिखा पत्र

**बैकुण्ठपुर।** नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद धीरज शिवहरे ने अपने वार्ड में सूखे पेड़ों को सुरक्षा की दृष्टि से काटकर हटाने की मांग संबंधी पत्र मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दी। पार्षद द्वारा सौंपे गए अपने शिकायत पत्र में उल्लेखित किया है कि वार्ड क्रमांक 5 कचहरीपारा पुराने न्यायालय भवन के पीछे शासकीय बंगला के पास आम का एक पुराना पेड़ सूख चुका है। आस-पास कई शासकीय आवास स्थित हैं, जहां शासकीय कर्मी निवास करते हैं। सूखे बडे पेड़ के कारण आस-पास के निवासियों के लिए खतरा मंडरा रहा है, जिसे समय रहते जल्द से जल्द काटने की मांग की। साथ ही पार्षद श्री शिवहरे ने अपने शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है कि वार्ड क्रमांक 5 में ही सिविल लाइन मोड़ से दुर्गा पंडाल व बगल के पेड़ को कटवाने की मांग की।



# स्वास्थ्य मंत्री से मिले फेडरेशन के पदाधिकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

प्रदेशव्यापी काम बंद कलम बंद हड़ताल के दौरान कलेक्टर एमसीबी द्वारा की गई एक पक्षीय निलंबन कार्रवाई से बहाली उपरांत छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला एमसीबी के जिला संयोजक गोपाल सिंह एवं छग प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव के नेतृत्व में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से सौजन्य भेंट कर कर्मचारियों की बहाली में विशेष सहयोग प्रदान किए जाने के संबंध में सभी साथियों द्वारा सौजन्य मुलाकात कर आभार व्यक्त किया प्रकट किया एवं नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस संबंध में स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कर्मचारियों की भूमिका की सराहना की।

उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन का उद्देश्य संवाद के माध्यम से समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने आश्वस्त किया कि कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए सरकार सदैव तत्पर रहेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से गोपाल बुनकर, मुकेश अहिरवार, संजय पाण्डे, विकास मिश्रा, मनीष पोरते, सुनीत जॉन्सन बड़ा, पुष्पराज सिंह सहित काफी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

## चिरमिरी में बहरूपियों ने किया कला का प्रदर्शन

# समाज को सकारात्मक संदेश देती है बहरूपिया प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोमनहिल

एमसीबी के नगर पालिक निगम क्षेत्र चिरमिरी में प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी 4 जनवरी को पारंपरिक बहरूपिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता को देखने के लिए छग के विभिन्न जिलों से काफी संख्या में दर्शक पहुंचे। प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रकार के वेश-भूषा धारण कर नगर के मुख्य मार्गों एवं चौक-चौराहों पर घूम-घूमकर अपनी कला का प्रदर्शन किया।

अलग-अलग सामाजिक, सांस्कृतिक एवं समसामयिक विषयों पर आधारित रूपों के माध्यम से कलाकारों ने जनता का मनोरंजन करने के साथ-साथ समाज को जागरूक करने का संदेश भी दिया। छोटे स्तर पर प्रारंभ हुई यह प्रतियोगिता आज एक बड़े आयोजन का रूप ले चुकी है। बीते 10 वर्षों से यूथ क्लब चिरमिरी द्वारा इस प्रतियोगिता के माध्यम से समाज को सकारात्मक संदेश देने का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल रहे। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल, सुभाष कश्यप, चंद्रकांत पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष भाजपा पुरूषोत्तम सोनकर, ओमप्रकाश गुप्ता, राजू नायक, शिवांश जैन, राजकुमार बधावन एवं शिक्षक डीके उपाध्याय उपस्थित रहे।









अतिथियों के हाथों विजेता कलाकारों को पुरस्कार प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कलाकारों की सराहना करते हुए कहा कि बहरूपिया प्रतियोगिता अब इतने ▶▶ शेष पेज 4 पर

### ये रहे बहरूपिया प्रतियोगिता के विजेता

एकल वर्ग में प्रथम वर्षा मिश्रा थीम—योगा, द्वितीय अर्जुन जायसवाल नरसिंह अवतार, तृतीय जानमारे कुमार हत्याकांड—दीपू दास, चतुर्थ- श्याम जायसवाल गौ हत्या, पंचमः संजू कुमार आदिवासी मुर्गा रहे। वहीं समूह वर्ग में प्रथम एनसीपीएच आर-6 माइंस कर्मचारी थीम जिंदगी जियो हंस के, द्वितीय कबीले का इंसाफ ग्रुप—सरगुजा समिति, तृतीय राजा दशरथ का पिंडदान सियाराम ग्रुप, चतुर्थ- जगन्नाथ रथ यात्रा आयुष ग्रुप, पंचम -रेप कांड दियाली ग्रुप रहे। वहीं विशेष पुरस्कार एकल में सुनील केशरवानी भीष्म पितामह, समूह परशुराम रौद्र रूप अंशिका एवं आयुष ग्रुप, इसके अलावा प्रतियोगिता में टॉप-10 कलाकारों को भी प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए।

### सूने मकान में चोरी करने के मामले में 4 संदेही पकड़े गए

**अम्बिकापुर।** नवापारा स्थित किराए के सूने मकान का ताला तोड़कर 3 लाख से अधिक चोरी करने के मामले में पुलिस ने चार संदेहियों को पुलिस ने पकड़ा है। जबकि एक अन्य संदेही की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार शहर के नवापारा में किराए के मकान में रह रही कटनी क्षेत्र के बरही खितौली निवासी ज्योति गोस्वामी ने गांधी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 25 दिसंबर को वृन्दावन गई थी। इसी बीच 2 जनवरी को मकान मालिक कृष्ण कांत ने फोन कर बताया कि उसके घर में चोरी हुआ है। चोरी होने की जानकारी लगने पर जब ज्योति गोस्वामी घर आई तो देखी घर में रखे लगभग 3 लाख से अधिक कीमत के सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) के तहत अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी। इसी बीच पुलिस ने चार संदेहियों को पकड़ा है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए संदेहियों में चोरी करने वाले और कुछ खरीदार भी शामिल हैं। पूछताछ में संदेहियों से चोरी की घटना एवं चोरी के सामानों की खरीदी करने वाले आरोपियों की जानकारी मिलने एवं जब्ती होने की संभावना है।

## खबर संक्षेप



### सांसद चिंतामणि महाराज ने किया निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण

**अम्बिकापुर।** सांसद चिंतामणि महाराज ने जनपद पंचायत कुसमी अंतर्गत ग्राम धनेशपुर एवं छुराकोना में प्रधान मंत्री जनमन योजना अंतर्गत बन रहे निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच और जनजातीय समाज के प्रति संवेदनशील नेतृत्व का परिणाम है कि आज दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में भी आधारभूत सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। सड़क जैसी बुनियादी सुविधा के माध्यम से जनजातीय लोग मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और विकास के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। यह सड़क केवल आवागमन का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, समावेशी विकास और सशक्त भारत की दिशा में एक मजबूत कदम है।

### कन्या स्कूल में दिव्यांग बच्चों और पालकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण



**बिश्रामपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशानुसार विकासखंड सूरजपुर के समावेशी शिक्षा कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय विकासखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर में किया गया,जिसमें दिव्यांग बच्चों के साथ उनके पालक,समुदाय के लोग और सामान्य बच्चे भी सम्मिलित हुए,विकासखंड शिक्षा अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों के समावेशन और शाला त्यागी बच्चों की शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रथम दिवस वातावरण निर्माण कार्यक्रम के तहत दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ने हेतु चर्चा की गई,साथ ही शासन द्वारा दिव्यांगों के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, द्वितीय दिवस गैप आइडेंटिफिकेशन फॉर आउट ऑफ स्कूल कार्यक्रम आयोजित हुआ,इसमें शाला त्यागी बच्चों की पहचान करने और उन्हें पुनः शिक्षा से जोड़ने के दौरान आने वाली बाधाओं को दूर करने की रणनीतियों पर प्रशिक्षण दिया गया,विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सूरजपुर मनोज कुमार मंडल ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर बताया कि ऐसे आयोजनों से समाज में दिव्यांग बच्चों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होता है। आयोजन को सफल बनाने में बीआरपी सुदर्शन राजवाड़े, मास्टर ट्रेनर्स समावेशी शिक्षा राधा नंदी, योगेश चंद्राकर तथा संकुल समन्वयक गौरीशंकर व अन्य सक्रिय रहे।

### सुभद्रा महिला मंडल ने जरूरतमंदों को वितरण किए कंबल



**बिश्रामपुर।** नव वर्ष के अवसर पर भगवान जगन्नाथ मंदिर की सुभद्रा महिला मंडल द्वारा क्षेत्र के गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण कर उनके साथ भोजन ग्रहण किया गया,गौरतलब है कि आज रविवार को बिश्रामपुर के 1बी- 1सी रोड स्थित जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में मंदिर की सुभद्रा महिला मंडल के सदस्यों द्वारा क्षेत्र के जरूरतमंद बच्चों व परिवारों को कंबल वितरण कर मंदिर प्रांगण में ही उनके लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी,इसमें सुभद्रा महिला मंडल के सभी सदस्यों ने जरूरतमंद गरीब नारायण लोगों के साथ मिलकर भोजन किया,जिससे उनके चेहरों में खुशी एवं सम्मानता की झलक देखने को मिली,इस अवसर पर सुभद्रा महिला मंडल के द्वारा उन्हें स्वच्छता के विषय में भी जागरूक किया गया कि खुद को किस प्रकार स्वच्छ रखकर स्वस्थ जीवन यापन करना है,इस अवसर पर सुभद्रा महिला मंडल अध्यक्ष दीप्ति स्वाई ने कहा कि मानव सेवा ही माधव सेवा के उद्देश्य से महिला मंडल अपने सेवाकार्य संपादित कर रही है,ताकि हर वर्ग को समानता का एहसास हो और साथ ही उनकी कुछ आवश्यकता भी हम पूरी कर सके, कार्यक्रम में सुभद्रा महिला मंडल की गीता स्वाई, अनुराधा प्रधान,लीलावती स्वाई,मीरा महापात्र, मंजू स्वाई, प्रभासिनी नायक, रीत त्रिपाठी, नीलाद्री साहू, संगीता त्रिपाठी, ममता सेठी, रीता, ससमिता स्वाई, स्मिता कहर,प्रियंका देवरी, दीपा, गीता स्वाई,तुकुनि स्वाई, मिनी,नीतू केशरवानी,बसंती स्वाई व अन्य उपस्थित थे।

### आदिवासी कांग्रेस के कुलदीप बनाए गए प्रभारी महामंत्री



**बिश्रामपुर।** आदिवासी कांग्रेस संगठन में बड़ा संगठनात्मक बदलाव किया गया है,आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विक्रांत भूरिया के निर्देश तथा प्रदेश अध्यक्ष जनक ध्रुव की अनुशंसा पर कुलदीप कुमार ध्रुव को छत्तीसगढ़ आदिवासी कांग्रेस का प्रभारी महामंत्री नियुक्त किया गया है,उक्त नियुक्ति से संगठन कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

## ट्रांसपोर्ट नगर में भारी वाहनों को खड़ा करने दिए गए निर्देश

# रिंग रोड पर खड़े भारी वाहनों को लेकर पुलिस प्रशासन सख्त, हटाई गई यात्री बस व ट्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रिंग रोड़ पर भारी वाहनों के सड़क पर खड़ा होने से न सिर्फ आवागमन बाधित होती है बल्कि हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। रिंग रोड़ पर होने वाले दुर्घटना को कम करने तथा बेहतर आवागमन के लिए अब पुलिस प्रशासन सख्त हो गई है। गत दिन यातायात एवं पुलिस टीम द्वारा सड़क पर खड़े वाहन चालकों को समझाइश देने के साथ ही चालानी कार्रवाई की। साथ ही रिंग रोड के बजाए भारी वाहनों को ट्रांसपोर्ट नगर में खड़ा करने के निर्देश दिए है।

**खास बात**
- यातायात पुलिस ने कुछ वाहनों पर की चालानी कार्रवाई, चालकों को दी गई हिदायत

पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के दौरान जागरूकता के साथ साथ निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा गत दिन रिंग रोड एवं आसपास के प्रमुख मार्गो मे यातायात के नियमो की अवहेलना कर भारी वाहनो को खड़ा करने वाले वाहन चालकों पर सख़्ती से कार्रवाई की गई। बस स्टैंड पुलिस सहायता केंद्र एवं यातायात पुलिस द्वारा मौक़े पर चालानी कार्रवाई भी की गई। इसके अलावा पुलिस टीम ने रिंग रोड मे भारी वाहनों को खड़ा करने वाले वाहन चालकों विरुद्ध लगातार सख़्ती से कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने भारी वाहन चालकों से कहा कि यातायात के नियमो का पालन करें, भारी वाहनों को रिंग रोड या प्रमुख भीतरी मार्गो पर खड़ी न करें। साथ ही बड़े वाहनों हेतु निर्धारित पार्किंग स्थल ट्रांसपोर्टनगर मे भारी वाहनों को खड़ी करना सुनिश्चित करें। रिंग रोड पर भारी वाहन खड़ी होना पाए जाने पर पुलिस टीम द्वारा सख़्ती से कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। गौरतलब है कि शहर के रिंग रोड पर बड़ी संख्या में गैरेज संचालित है और गैरेज के सामने बड़ी संख्या में वाहन मरम्मत कार्य किया जाता है। गांधी चौक से लेकर भारत माता चौक तक अधिकांश गैरेज संचालित है। ऐसे में ट्रक सहित यात्री बस रिंग रोड पर कतार बद्ध एवं बेतरतीब तरीके से खड़े होने से दो पहिया चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।




रिंग रोड पर बेतरतीब खड़े वाहनों पर कार्रवाई करते पुलिस अधिकारी।

**हो चुकी है कई दुर्घटना**

रिंग रोड पर कतार बद्ध तरीके से भारी वाहनों के खड़ा होने से मार्ग से गुजरने वाले अन्य वाहनों के लिए कम जगह होती है। ऐसे में मार्ग संकरी होने से न सिर्फ अन्य वाहन चालकों को दिक्कत होती है बल्कि संकरी सड़क होने से कई बाद बाइक सवार दुर्घटना का शिकार हो चुके है। हाल ही में रिंग रोड पर ट्रक के सड़क पर खड़ा होने से बाइक सवार ट्रक से जा टकरा गए जिससे बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई थी।

**नहीं हो सकी शिफ्ट**

रिंग रोड के निर्माण से पूर्व ही नगर निगम व प्रशासन द्वारा शहर के रिंग रोड में संचालित गैरेजों को ट्रांसपोर्ट नगर में विस्थापित करने की योजना बनाई थी। नगर निगम द्वारा शहर के 80 गैरेज का चिन्हांकन किया था। जिसके लिए नगर निगम द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर में गैरेज संचालित करने के लिए गुमटी सहित विद्युत की व्यवस्था की परंतु कई साल बीत जाने के बावजूद गैरेज शिफ्ट नहीं हो सकी।



## किक बॉक्सिंग जोनल लीग में जिले के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

खेलो इंडिया अश्मिता किकबॉक्सिंग जोनल लीग 25 से 28 दिसंबर तक इंदौर में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में देश के 8 राज्यों की टीमों के 495 खिलाड़ी, कोच एवं ऑफिशियल्स ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता वेस्ट ज़ोन का प्रतिनिधित्व करने के लिए आयोजित की गई।

छत्तीसगढ़ राज्य से 70 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इनमें सरगुजा जिले के किकबॉक्सिंग क्लब से सर्वर एक्का छत्तीसगढ़ के कोच के रूप में शामिल रहे। क्लब से 4 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें लो किक इवेंट में स्वाति राजवाड़े ने स्वर्ण पदक, सोनिया सिंह ने कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं प्रीति पैकरा एवं सुनैना यादव ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य, जिला, अपने क्लब, कोच एवं अभिभावकों का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ कोच के रूप में सर्वर एक्का, अमन सोनी, सत्यम साहू, सूरज साहू एवं विशाल गायक ने प्रतिनिधित्व किया, जबकि प्रभात साहू रेफरी के रूप में उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगन लाल मुंदड़ा, संस्थापक तारकेश मिश्रा एवं महासचिव आकाश गुरुदीवान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न वर्गों की महिला खिलाड़ियों ने अलग-अलग वजन वर्गों में भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 7 स्वर्ण, 5 रजत एवं 21 कांस्य पदक जीते।

सरगुजा किकबॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सूर्यवंशी, सचिव एवं कोच सर्वर एक्का तथा संघ के सभी सदस्य श्रीमती वर्षा गुप्ता, दीपक प्रजापति, प्रत्युप्त पांडेय, खेलावन दास, लक्की ठाकुर एवं आशीष तिर्की ने सभी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।

## झारखंड से पहुंचे दंतैल ने 6 घरों में की तोड़फोड़, दहशत में ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

झारखंड से पहुंचे दंतैल ने बीती रात सीमावर्ती ग्राम आनंदपुर में जमकर उत्पात मचाया। दंतैल दो घंटे तक बस्ती में तोड़फोड़ मचाता रहा। भयभीत ग्रामीण अपनी जान बचाने इधर उधर छिपते रहे।

शुक्रवार की रात 2 बजे सीमावर्ती झारखंड जंगल से एक दंतैल पहुंचा एवं आनंदपुर बस्ती में घुसकर तोड़फोड़ मचाने लगा। जिस समय दंतैल पहुंचा ग्रामीण गहरी नींद में थे। घरों में तोड़फोड़ होने का शोर सुनकर ग्रामीण अपनी जान बचाने परिवार के सदस्यों के साथ इधर उधर भागकर अपनी जान बचाई। दंतैल बस्ती में घुसते ही घरों में तोड़फोड़ करने लगा। इससे पहले दंतैल ने बाबूलाल पंडो के घर के दरवाजे को उखाड़ा तथा घर में घुसने की कोशिशे करने लगा। असफल होने पर अपने सुंड से कमरे में रखे सामानों को खींच कर इधर उधर फेंकने लगा। दंतैल ने गांव के किफायत अंसारी, राम सुंदर, राम दास, मेहताब आलम, लक्ष्मी नारायण एवं बैजनाथ के घरों में तोड़फोड़ की तथा किसी के घर की दीवार को ढहा दिया तो किसी का छप्पर उजाड़ दिया तथा घरों में रखे सामानों को भी नुकसान पहुंचाया। गांव में दंतैल पहुंचने की सूचना पर वन विभाग दो टीमें पहुंची लेकिन दंतैल का आक्रामक रवैया देख वन कर्मी उसे खदेड़ने की हिम्मत नहीं जुटा सके। सुबह 4 बजे दंतैल जंगल की ओर गया तो ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वन अधिकारियों के अनुसार दंतैल पिछले एक पखवाड़े से वन परिक्षेत्र रामानुजगंज एवं धमनी के अलग-अलग क्षेत्रों में तबाही मचा रहा है। सुबह होते ही वह नदी पार कर झारखंड सीमा में पहुंच जाता है तथा कभी शाम ढलते ही तो कभी मध्यरात्रि में रामानुजगंज एवं धमनी रेंज के अलग-अलग क्षेत्रों में तबाही मचाता है। आपसी समन्वय के अभाव में दंतैल के आवागमन की सूचना वन अमले को नहीं मिल पाती जिसके कारण सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीण भारी दहशत के बीच ठंड भरी रात गुजार रहे है। वन अमला क्षति का आकलन कर रहा है। इस संबंध में धमनी रेंज के परिक्षेत्राधिकारी अजय वर्मा ने बताया कि दंतैल पिछले 15 दिनों से धमनी एवं रामानुजगंज क्षेत्र में भ्रमण कर रहा है तथा कभी भी नदी पार कर सीमावर्ती क्षेत्रों में पहुंच जा रहा है। दंतैल के अचानक सीमावर्ती गांवों में पहुंचने से हमेशा खतरा बना हुआ है।



## पैर का जख्म ठीक नहीं होने पर वृद्ध ने पी लिया जहर,मौत

**अम्बिकापुर।** लंबे समय से पैर का जख्म ठीक नहीं होने से परेशान वृद्ध ने कीटनाशक पी लिया। परिजन वृद्ध को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। लटोरी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम महेशपुर निवासी राम नारायण आ. स्व. रजनाथ अगरिया (68 वर्ष) दाहिने पैर के नीचे गहरा जख्म होने से लंबे समय से परेशान था। वृद्ध जख्म की सफाई करने के दौरान कीड़ा होने की आशंका पर जख्म में कीटनाशक लगा लेता था। हालांकि परिजन कीटनाशक लगाने से मना करते लेकिन वृद्ध नहीं मानता। 1 जनवरी को वृद्ध जख्म की सफाई करने के दौरान जख्म में कीटनाशक लगाने के पश्चात कीटनाशक को पी लिया जिससे उसकी तबीयत काफी बिगड़ गई। परिजन वृद्ध को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान बीती रात मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## मंत्री नेताम ने बस को हरी झण्डी दिखाकर विद्यार्थियों को शैक्षिक भ्रमण पर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जिले के प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित शैक्षणिक भ्रमण को कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह भ्रमण कलेक्टर एस जयवर्धन के मार्गदर्शन में समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के लगभग 200 छात्र-छात्राओं को सरगुजा संभाग के प्रमुख शैक्षणिक एवं तकनीकी संस्थानों इंदिरा गांधी कृषि अनुसंधान केंद्र, आकाशवाणी केंद्र, दरिमा हवाई पट्टी, ठिनठिनी पत्थर तथा संजय पार्क का भ्रमण कराया जा रहा है।

- संभाग के प्रमुख शैक्षणिक एवं तकनीकी संस्थानों के विद्यार्थी करेंगे शैक्षणिक भ्रमण

छात्र-छात्राएं महिला एवं पुरुष गाइड शिक्षकों के नेतृत्व में इन संस्थानों का अवलोकन कर आधुनिक कृषि तकनीक, रेडियो प्रसारण प्रणाली तथा हवाई यातायात संचालन से संबंधित व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करेंगे। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों में जिज्ञासा, नवाचार और व्यावहारिक दृष्टिकोण विकसित करना है, जिससे उनका शैक्षणिक विजन व्यापक हो और वे पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर वास्तविक जीवन के अनुभव प्राप्त कर सकें। इस दौरान पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष भीमसेन अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, राम कृपाल साहू, शशिकांत गर्ग, संदीप अग्रवाल, कौशल प्रताप सिंह, संत सिंह, अरविंद मिश्रा, राजेश महलवाला, शंकर जिंदिया, अजय अग्रवाल, राजेश्वर तिवारी, शैलेश अग्रवाल, देव गुप्ता, अशोक अग्रवाल, संस्कार अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा, जिला मिशन समन्वयक मनोज कुमार साहू, एपीसी शोभनाथ चौबे, बीआरपी गाइड शिक्षक टंडन, विनोद यादव, हर्ष नारायण शर्मा, गौतम शर्मा, अजीत कुमार गुप्ता, अजय उपाध्याय, श्रीकांत पाण्डेय, लौकेश साहू एवं श्रीमती ज्योति साहू उपस्थित रहे।



## आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

सरगुजा रेड क्रॉस सोसायटी के सभापति आदित्येश्वर शरण सिंहदेव का जिले में आगमन हुआ और सूरजपुर के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने जिला कांग्रेस महामंत्री मनोज डालमिया के निवास पर कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात की जिसके बाद तैकिब खान के निवास पर शोक श्रद्धांजलि में शामिल हुए।

जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रामकृष्ण ओझा के निवास पर कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात, गिरवरगंज में शोक श्रद्धांजलि सभा, झूमरपारा में क्रिकेट समापन, कमलपुर में भागवत कथा में शामिल हुए। इस दौरान उनका जगह -जगह स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक खेलसाय सिंह, कांग्रेस नेता कश्मीरी लाल अग्रवाल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष भगवती राजवाड़े, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अश्विनी सिंह, रामकृष्ण ओझा, राजीव सिंह, मनोज डालमिया, कुसुमलता राजवाड़े, जफर हैदर, मनोज अग्रवाल, गैबीनाथ साहू, विष्णु कसेरा, नरेन्द्र यादव, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू, नीरज तायल, धर्मेन्द्र सिंह, अविनाश यादव, शरद सिंह, अनवर खान, नैतिक अग्रवाल, अनुराग डालमिया, डब्लू चौबे, सैयद नदीम, लक्ष्मण राजवाड़े, गिरधारी साहू, रुद्र प्रताप सिंह, लिवनेश सिंह, अफरोज अंसारी, हिमांशु सिंह, आकाश सिंह, शिवम साहू, हरि साहू, संतोष साहू, कलकत्ता राजवाड़े, यश दास, पीयूष कुशवाहा, दीप सोनवानी, अमित पैकरा, सोमू खान, डिकेश यादव, सोनू एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## जिले में कृषि विज्ञान केंद्र स्थापित करने की मांग, कृषि मंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

भाजपा मंडल अध्यक्ष अरविन्द मिश्रा ने सूरजपुर में कृषि विज्ञान केंद्र स्थापित किए जाने की मांग को लेकर कृषि मंत्री रामविचार नेताम को ज्ञापन सौंपा।

छत्तीसगढ़ के आदिम जाति विकास एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम का सूरजपुर विश्राम गृह मे स्वागत करने के उपरांत कृषि मंत्री श्री नेताम को अवगत कराया की जिला का गठन वर्ष 2012 मे होने के उपरांत अभी तक जिले में कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना नही हो सका है ।



## शासकीय भूमि को निजी बताकर बिक्री करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शासन की भूमि को निजी स्वामित्व का होना बता कर अवैध रूप से बेचकर लाखों रुपयों की ठगी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा लोगों को झूठे एवं भ्रामक आश्वासन देकर शासकीय भूमि को अपनी निजी स्वामित्व का होना बताकर अलग-अलग 41 लोगों से लाखो की ठगी किया था।

पुलिस के मुताबिक रनपुरखुर्द अंतर्गत बेनीपुर तकियापारा निवासी नेजारूदीन अंसारी ने कोतवाली आकर रिर्पोट दर्ज कराया था कि अन्य व्यक्ति अलग-अलग जगह से करीब 15-20 साल पहले अम्बिकापुर में आकर किराया के मकान में रहकर जीवन यापन कर रहे थे। इसी बीच मो. रशिद द्वारा शासन की भूमि को अपना बता कर उसे अवैध रूप से बेचा गया एवं लाखो रुपयों की ठगी कर लिया गया है। वर्ष 2008 से 2022 के मध्य मो. रशिद ने अपने परिवार के सदस्यों की सहायता से ग्राम रनपुर, खैरबार स्थित निवासी लगभग 41 व्यक्तियों को यह विश्वास दिलाया कि वहां की एक निश्चित भूमि उनकी स्वामित्व की निजी भूमि है तथा वैधानिक रूप से विक्रय योग्य है। झूठे एवं भ्रामक आश्वासनों के आधार पर मो. राशिद द्वारा अल्पशिक्षित व्यक्तियों के साथ विक्रय अनुबंध, बिक्री विलेख, निष्पादित किए गए तथा प्रत्येक व्यक्ति से लगभग एक लाख पचास हजार रुपये की राशि लिया गया है। इधर भूमि खरीदने वालों को यह जानकारी या समझ नहीं थी कि भूमि वास्तव में वन भूमि है, जो कानूनन न तो निजी स्वामित्व में हो सकती है और न ही उसका विक्रय किया जा सकता है।



## सर्द हवाओं के साथ कोहरे ने बढ़ाई ठंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं के साथ रविवार को सुबह छाए घने कोहरे के कारण लोग ठंड से परेशान रहे। सुबह 10 बजे धूप निकली तो लोगों ने राहत की सांसे ली।

उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ अब कमजोर पड़ गया है तथा आगे निकल रहा है। विक्षोभ की नमी के साथ अब उत्तरप्रदेश का कोहरा मध्य भारत में पहुंच रहा है। रविवार को आसमान पर बादलों की मौजूदगी के बीच सुबह पश्चिमोत्तर की सर्द हवाएं चलने के साथ घना कोहरा छाया रहा। सुबह कभी बारिश पूर्व का मौसम तो कभी कड़ाके की ठंड का अहसास करा रहा था। मैदानी क्षेत्रों में कोहरे का घनत्व अधिक होने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पडा। मौसम विज्ञानी सोमवार को भी कोहरा के प्रभावी रहने एवं घनत्व बढ़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। उत्तर भारत में विक्षोभ के सक्रिय होने के बाद आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ गई थी तथा न्यूनतम पारा में क्रमशः वृद्धि होने के बाद ठंड से राहत मिली है। रविवार को भी आसमान पर बादलों की सक्रियता रही। मौसम में आए बदलाव से दिन में अच्छी धूप निकल रही है। जिससे स्वेटर-कोट असहज लग रहे हैं वहीं शाम ढलने के बाद अच्छी ठंड पड़ रही है। एक महीने बाद रविवार को न्यूनतम पारा 10 डिग्री के निकट पहुंचने से ठंड से काफी राहत है। इसके पूर्व 1 दिसम्बर को न्यूनतम पारा 10.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था तथा रविवार को एक महीने की लम्बी अवधि के बाद पारा 9.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। बीच की अवधि में न्यूनतम पारा लगातार 5-6 डिग्री सेल्सियस के मध्य स्थिर रहा।

- विक्षोभ पड़ा कमजोर, बढ़ेगी ठंड





# अनुपम और रवि 'खोसला का घोसला 2' में साथ करेंगे काम

**मुंबई।** अनुपम खेर ने रविवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर भोजपुरी अभिनेता रवि किशन के साथ एक खास वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अनुपम ने रवि के साथ अपनी आने वाली फिल्म की घोषणा भी की और साथ ही उनकी जमकर तारीफ की। इस पोस्ट में अनुपम खेर ने बताया कि रवि किशन अब फिल्म 'खोसला का घोसला 2' की टीम में शामिल हो गए हैं। अनुपम ने आगे लिखा, 'हमने पहले भी साथ काम किया है, लेकिन इस बार का काम बहुत खास होगा। मैं रवि को एक शानदार अभिनेता, मेहनती सांसद और सबसे ज्यादा एक अच्छे इंसान के रूप में बहुत पसंद करता हूं। वह शांत, विनम्र, दयालु, मदद करने वाले, ईमानदार और भारत से बहुत प्यार करने वाले व्यक्ति हैं।

लाइफ Style

# सारा अर्जुन

## दर्शकों को दिया धुरंधर की सफलता का श्रेय


एजेंसी ▶▶ मुंबई

आदित्य धर की जासूसी थ्रिलर एक्शन फिल्म 'धुरंधर' की मुख्य अभिनेत्री सारा अर्जुन ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट शेयर किया है। जो उनके सबसे खास धुरंधरों के बारे में है। सारा अर्जुन अपनी फिल्म 'धुरंधर' की जबरदस्त सफलता का आनंद ले रही हैं।

फिल्म में सारा ने यालिना जमाली का किरदार निभाया है। 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर 759 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन कर चुकी है। फिल्म की सफलता के बीच सारा ने अपने सबसे खास धुरंधरों के बारे में एक पोस्ट शेयर कर उनका शुक्रिया अदा किया है। सारा अर्जुन ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही एक खास नोट लिखा। 'धुरंधर' की शानदार सफलता के बीच, सारा ने इंस्टाग्राम पर एक भावपूर्ण नोट लिखकर दर्शकों को अपार प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। सारा ने लिखा, 'मेरे सबसे बड़े धुरंधर- दर्शक।' सारा ने आगे लिखा, 'लंबे समय से लोग कहते रहे हैं कि अब दर्शकों के पास लंबी कहानियों को देखने का धैर्य नहीं बचा है। उनका ध्यान जल्दी भटक जाता है और सिनेमा की जगह कम हो गई है। लेकिन आप सबने यह बात गलत साबित कर दिया कि जब लोग किसी चीज पर सच में विश्वास करते हैं, तो दर्शकों की ताकत कितनी बड़ी होती है।' सारा ने आगे लिखा, ''धुरंधर' की यह सफलता पूरी तरह आपकी वजह से है। आपका हर प्यार, आपका हर सपोर्ट इस फिल्म को आगे बढ़ाने में मददगार रहा। इसके लिए मैं जितना भी शुक्रिया कहूं, कम है।



## हॉलीवुड मसाला




# ये हैं दुनिया का सबसे अमीर सितारा

**लॉस एंजिल्स।** दुनिया के सबसे अमीर स्टार्स की बात करें तो टॉम क्रूज, शाहरुख खान जैसे कई और नाम शामिल है। लेकिन आज हम आपको ऐसे स्टार के बारे में बताएंगे जिसमें हॉलीवुड या बॉलीवुड का कोई एक्टर नहीं, बल्कि एक अमेरिकी फिल्ममेकर का नाम है। हम जिस शख्स कि बात कर रहे हैं, वो अमेरिकी फिल्ममेकर जॉर्ज लुकास हैं। उन्होंने अपने कॅरियर में सिर्फ 6 फिल्में बनाई हैं। लेकिन, वह दुनिया के सबसे अमीर फिल्म सेलिब्रेटी हैं।




# वीक एंड पर आया 'अवतार 3' की कमाई में उछाल

**मुंबई।** इन दिनों थिएटर्स में बॉलीवुड फिल्में 'धुरंधर' और 'इक्कीस' लगी हुई हैं। इन हिंदी फिल्मों के बीच हॉलीवुड मूवी 'अवतार फायर एंड ऐश' भी भारतीय सिनेमाघरों में सजी है। फिल्म 'अवतार 3' भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 150 करोड़ क्लब में एंट्री ले चुकी है। यह फिल्म अपनी रिलीज के तीसरे वीक में है। ओपनिंग वीक में इस फिल्म ने 109.5 करोड़ रुपए कमाए थे। दूसरे सप्ताह में 50.7 करोड़ रुपएकमाए। शुक्रवार को 'अवतार 3' ने 3.4 करोड़ रुपए कमाए थे। शनिवार को 16वें दिन इसकी कमाई में एक बार फिर मामूली बढ़त दर्ज हुई है। फिल्म ने आज 3.87 करोड़ रुपए की कमाई की है। कुल मिलाकर अभी तक 'अवतार 3' ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 167.47 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। जेम्स फ्रांसिस कैमरून की फिल्म 'अवतार 3', 19 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



# रणवीर-राहा की खास तस्वीर से फैंस खुश


**मुंबई।** आलिया भट्ट ने रविवार को अपनी रणबीर कपूर और बेटी राहा कपूर की एक खास तस्वीर सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। राहा की इस फोटो को देखकर फैंस बेहद खुश हो गए हैं। आलिया भट्ट इन दिनों अपने कई प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इसी बीच आलिया ने रविवार को एक खास तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर कर अपने फैंस को खुश कर दिया है। इस तस्वीर को आलिया ने 2026 के स्वागत के साथ शेयर किया है, जिसमें उनके साथ रणबीर और राहा भी नजर आ रहे हैं। आलिया ने इंस्टाग्राम पर नए साल के स्वागत में एक खास तस्वीर शेयर की है। यह तस्वीर समंदर किनारे की लग रही है। इस तस्वीर में रणबीर बेटी राहा को हवा में उठाए नजर आ रहे हैं और आलिया उन्हें चीयर करती दिखाई दे रही हैं।



# मम्मी-पापा बनने के बाद शूट पर साथ दिखे

**मुंबई।** कियारा आडवाणी ने हाल ही में एक प्यारी बेटी को जन्म दिया है। बेटी के जन्म के बाद कियारा अपने पति और एक्टर सिद्धार्थ के साथ पहली बार शूट पर नजर आईं। कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने 15 जुलाई 2025 को बेटी का स्वागत किया। उन्होंने नवंबर 2025 में उसका नाम साराया मल्होत्रा रखा। आज सिद्धार्थ और कियारा बेटी के जन्म के बाद फिर से एक साथ शूट पर नजर आए। कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा का एक वीडियमीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कियारा और सिद्धार्थ को एक साथ ओबी वैन में जाते देखा गया। कियारा और सिद्धार्थ शायद किसी प्रोजेक्ट के लिए साथ आए हैं, इसका पता नहीं चल पाया है, लेकिन बेटी के जन्म के बाद दोनों को पहली बार साथ देखकर उनके फैंस बेहद खुश हैं।

## टीवी मसाला



# जय- माही ने साझा पोस्ट के जरिए किया अलग होने का ऐलान

**नई दिल्ली।** अभिनेता जय भानुशाली और माही विज की शादी टूट चुकी है। दोनों की राहें जुदा हो गई हैं। आज रविवार को दोनों ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसका एलान किया है। तलाक के एलान के बाद माही विज ने एक क्रिप्टिक पोस्ट किया है। माही विज और जय भानुशाली की शादीशुदा जिंदगी में अलगाव की खबरें काफी वक्त से चल रही थीं। रविवार को इन पर मुहर लग गई है। दोनों की राहें अलग हो गई हैं। जय और माही ने एक साझा सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अलग होने का ऐलान किया है। साथ ही यह भी कहा है कि वे अपने बच्चों की परवरिश साथ करेंगे। बच्चों के अभिभावक और अच्छे दोस्त बने रहेंगे। तलाक के ऐलान के कुछ देर बाद माही ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक अन्य पोस्ट शेयर किया है। माही विज ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी फोटोज शेयर की हैं। एक तस्वीर में वे चॉकलेट स्ट्रॉबेरी आइसक्रीम एंजॉय करती दिख रही हैं। इसके साथ उन्होंने 'द एक्सपोज रिटर्न' फिल्म का हिमेश रेशमिया का गाना 'आइसक्रीम खाऊंगी' बैकग्राउंड में लगाया है।। इसके अलावा माही ने एक अन्य तस्वीर भी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की है। इसमें वे ब्लैक शॉर्ट्स और फिरोजी कलर का बैकलेस टॉप पहने पोज देती दिख रही हैं। माही विज ने जय से अलग होने के ऐलान से पहले एक अन्य पोस्ट भी इंस्टा स्टोरी पर शेयर किया था। इसमे लिखा था, 'ईश्वर की योजना। मैं यूनिवर्स पर विश्वास करूंगी'। जय भानुशाली और माही विज की शादी साल 2011 में हुई थी। साल 2017 में कपल ने अपने हाउस हेल्प के बच्चों राजवीर और खुशी को गोद लिया था। इसके दो साल बाद साल 2019 में माही ने बेटी तारा को जन्म दिया। सेपरेशन के एलान के साथ कपल ने यह स्पष्ट किया है कि अपने तीनों बच्चों की खातिर वे साथ रहेंगे।

## सुधा चंद्रन पर माता चढ़ीं, संभालना हुआ मुश्किल

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलीविजन की प्रसिद्ध अभिनेत्री सुधा चंद्रन को किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसे देखने के बाद कोई भी हैरान हो जाएगा। इस वीडियो में सुधा को संभालना बेहद मुश्किल लग रहा है। यह किसी फिल्म या फिर टीवी सीरियल की शूटिंग नहीं है, बल्कि यह वीडियो माता की चौकी के दौरान का है। सुधा की हालत देखकर लग रहा है कि जैसे उन पर माता चढ़ गई है और वह खुद को कंट्रोल नहीं कर पा रही हैं। इस वीडियो में सुधा को सभी शांत करने की कोशिश कर रहे हैं और वहां पर मौजूद सभी के लिए उनको संभालना मुश्किल हो रहा है। एक्ट्रेस सुधा चंद्रन ने नागिन, क्योंकि सास भी कभी बहू थी, कस्तूरी और कहीं किसी रोज जैसे सीरियल में अपने किरदार से घर-घर में जगह बनाई है। वह एक शानदार डांसर हैं। उन्होंने 3 साल की उम्र से ही डांस सीखना शुरू कर दिया था। सुधा चंद्रन ने एक दुर्घटना में अपना पैर खोने के बाद कृत्रिम पैर के सहारे भरतनाट्यम नृत्यांगना और अभिनेत्री के रूप में वापसी की।



# राज, शम्मी और शशि के स्टारडम को आगे ले जाएंगे अगस्त्य नंदा

***नई दिल्ली।** अगस्त्य नंदा इन दिनों अपनी फिल्म इक्कीस को लेकर चर्चा में हैं। ये बड़े पर्दे पर उनकी पहली फिल्म है, इसके पहले जोया अख्तर की फिल्म आर्चीज में वह नजर आए थे, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इक्कीस में अगस्त्य लीड रोल में नजर आने वाले हैं, फिल्म 1 जनवरी 2026 को रिलीज हो चुकी है। फिल्म में अगस्त्य ने उस युवा ऑफिसर का रोल निभाया है जो 21 साल की उम्र में लड़ते-लड़ते शहीद हो गए थे. अगस्त्य, सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के नाती हैं। अगस्त्य की मां श्वेता बच्चन, अमिताभ बच्चन की बेटी हैं। लेकिन, कम ही लोग जानते हैं कि उनका राज कपूर के साथ भी रिश्ता हैं।*

## इक्कीस में एक्टिंग देख कर रणबीर से हो रही है तुलना



अगस्त्य नंदा अपने पिता की तरफ से राज कपूर से जुड़े हुए हैं। अगस्त्य के पिता, निखिल नंदा, रितु नंदा के बेटे हैं, जो लीजेंडरी एक्टर-डायरेक्टर राज कपूर की बेटी थीं। इस तरह अगस्त्य राज कपूर के परनाती हैं। यह रिश्ता अगस्त्य और उनकी बहन नव्या को मशहूर कपूर फिल्म परिवार से जोड़ता हैं। राज कपूर से अपने रिश्ते के जरिए वह रणबीर, करीना और करिश्मा कपूर से भी जुड़े हुए हैं। अगस्त्य रणबीर, करीना और करिश्मा कपूर के कजिन लगते हैं। इस तरह अगस्त्य कपूर फैमिली और बच्चन फैमिली दोनों से ही जुड़े हुए हैं।

**इक्कीस के बारे में**

इक्कीस सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की कहानी है, जो देश के सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र पाने वाले सैनिक थे। इस फिल्म में अगस्त्य ने अरुण का रोल किया हैं। इसमें धर्मेंद्र ने भी अपनी आखिरी परफॉर्मेंस दी हैं। इस फिल्म के जरिए धर्मेंद्र के फैंस उनकी आखिरी परफॉर्मेंस को देख पाएंगे और इस वजह से भी फिल्म काफी चर्चा में हैं। इक्कीस 1 जनवरी को भारत में 4000 स्क्रीन पर रिलीज हो चुकी है।

# भारत की टॉप 5 फिल्मों में शामिल हुई धुरंधर 800 करोड़ पार पहुंची कमाई

**नई दिल्ली।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर ने अब एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। फिल्म की कमाई 800 करोड़ पार पहुंच गई है। इसी के साथ फिल्म सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारत की टॉप 5 फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई है। रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर दुनियाभर में शानदार कमाई कर रही है। इस फिल्म में सिर्फ 31 दिनों के अंदर ही कई ऐसे रिकॉर्ड बना लिए हैं जिसे तोड़ पाना किसी दूसरी फिल्म के लिए मुश्किल होने वाला है। धुरंधर अपनी रिलीज के बाद से लगातार शानदार कमाई कर रही है। फिल्म के गाने, कहानी और एक्टर्स की परफॉर्मेंस की सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ हो रही है। इंडस्ट्री के कुछ दिग्गजों ने आदित्य धर के डायरेक्शन और रणवीर की मेहनत की तारीफ की है। अब फिल्म ने एक और रिकॉर्ड बना लिया है। फिल्म 800 करोड़ पार पहुंच गई है। जियो स्टूडियो ने एक पोस्ट शेयर करते हुए जानकारी दी कि फिल्म ने 806.80 करोड़ की कमाई कर ली है। पोस्ट में बताया गया है कि धुरंधर ने अपने पहले हफ्ते में 218 करोड़, दूसरे हफ्ते में सबसे ज्यादा 261.5 करोड़, तीसरे हफ्ते में 188.3 करोड़, चौथे हफ्ते में 115.70 करोड़, 29वें दिन 9.70 करोड़ और 30वें दिन 12.60 करोड़ की कमाई कर अब तक कुल 806.80 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। बता दें, इसी के साथ फिल्म भारत की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली टॉप 5 फिल्मों में शामिल हो गई है। **Sacnilk** के मुताबिक इस लिस्ट में नंबर 1 पर आमिर खान की दंगल है, दूसरे नंबर पर बाहुबली 2, तीसरे नंबर पर अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2, चौथे नंबर पर **RRR** और अब पांचवें नंबर पर धुरंधर ने अपनी जगह बना ली है। आगे आने वाले दिनों में ये फिल्म जबरदस्त कमाई करने वाली है।



## शक्ति शालिनी, चामुंडा, भेड़िया 2, स्त्री 3 और महा मुंजा हैं शामिल

# ये हैं मैडॉक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की आगामी फिल्में

***नई दिल्ली।** मैडॉक के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की कई फिल्में आने वाली हैं, जिनके किरदार आने वाली फिल्मों से एक-दूसरे से जुड़ते जाते हैं। इस लिस्ट में 'शक्ति शालिनी' से लेकर भेड़िया 2 तक कई फिल्में शामिल हैं। मैडॉक फिल्म्स की ज्यादातर फिल्में भारतीय लोककथाओं पर आधारित होती हैं, जिनमें स्त्री, भेड़िया, और मुंजा जैसी फिल्में शामिल हैं। शक्ति शालिनी, चामुंडा, भेड़िया 2, स्त्री 3, और महा मुंजा ये सब इसी यूनिवर्स का हिस्सा हैं।*

### शक्ति शालिनी

फिल्म शक्ति शालिनी की घोषणा फिल्म थामा की रिलीज के वक्त की गई थी। यह फिल्म एक सुपरहीरो जैसी महिला किरदार की कहानी बताएगी। फिल्म में मुख्य भूमिका अनीत पड्डा निभाएंगी। यह हॉरर-कॉमेडी के साथ सुपरनैचुरल ताकतों वाली कहानी होगी। यह पहले 31 दिसंबर 2025 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे 24 दिसंबर 2026 को रिलीज किया जाएगा।

### चामुंडा

चामुंडा भी मैडॉक्स फिल्म का हिस्सा है। कथित तौर पर यह फिल्म देवी चामुंडा से इंस्पायर्ड लगती है। मुख्य भूमिका में आलिया भट्ट नजर आएंगी। विलेन के रोल में अक्षय कुमार नजर आएंगे। इसकी कहानी में डार्क हॉरर और मिस्ट्री ज्यादा होगी, और छोटे शहर में आतंक फैलाने वाली सुपरनैचुरल पावर पर फोकस किया जाएगा। यह फिल्म 4 दिसंबर 2026 को रिलीज होगी।



### भेड़िया 2

पहली भेड़िया में वरुण धवन वेयरवुल्फ बनते हैं। भेड़िया 2 में वो कहानी आगे बढ़ेगी। फिल्म में वरुण धवन भास्कर का रोल दोहराएंगे। इसमें हॉरर, कॉमेडी और पहले से ज्यादा एक्शन होगा। फिल्म का निर्देशन अमर कौशिक करेंगे। यह फिल्म 14 अगस्त 2026 को रिलीज हो सकती है।

### स्त्री 3

स्त्री और स्त्री 2 के सीक्वल, चंदेरी की रहस्यमयी स्त्री 3 में आगे की कहानी बढ़ेगी। फिल्म में श्रद्धा कपूर के अलावा राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना भी नजर आ सकते हैं। इस बार सरकटा और 'स्त्री' के रहस्य पर ज्यादा फोकस किया जाएगा, यानी कि इस बार हॉरर-कॉमेडी का मजा दोगुना होगा। यह फिल्म 13 अगस्त 2027 को रिलीज हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### कन्या स्कूल में दिव्यांग बच्चों और पालकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण

**विश्रामपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशानुसार विकासखंड सूरजपुर के समावेशी शिक्षा कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय विकासखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विश्रामपुर में किया गया,जिसमें दिव्यांग बच्चों के साथ उनके पालक,समुदाय के लोग और सामान्य बच्चे भी सम्मिलित हुए,विकासखंड शिक्षा अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों के समावेशन और शाला त्यागी बच्चों की शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रथम दिवस वातावरण निर्माण कार्यक्रम के तहत दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ने हेतु चर्चा की गई,साथ ही शासन द्वारा दिव्यांगों के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, द्वितीय दिवस गैप आइडेंटिफिकेशन फॉर आउट ऑफ स्कूल कार्यक्रम आयोजित हुआ,इसमें शाला त्यागी बच्चों की पहचान करने और उन्हें पुनः शिक्षा से जोड़ने के दौरान आने वाली बाधाओं को दूर करने की रणनीतियों पर प्रशिक्षण दिया गया,विकासखंड स्रोत समन्वयक सूरजपुर मनोज कुमार मंडल ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर बताया कि ऐसे आयोजनों से समाज में दिव्यांग बच्चों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होता है।

### सांसद चिंतामणि ने किया निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण

**अम्बिकापुर।** सांसद चिंतामणि महाराज ने जनपद पंचायत कुसमी अंतर्गत ग्राम धनेशपुर एवं छुराकोना में प्रधान मंत्री जनमन योजना अंतर्गत बन रहे निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी सोच और जनजातीय समाज के प्रति संवेदनशील नेतृत्व का परिणाम है कि आज दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में भी आधारभूत सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। सड़क जैसी बुनियादी सुविधा के माध्यम से जनजातीय लोग मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और विकास के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। यह सड़क केवल आवागमन का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, समावेशी विकास और सशक्त भारत की दिशा में एक मजबूत कदम है।

## निधन

### मुकुट बिहारी जायसवाल



**बैकुण्ठपुर।** शहर के ओड़गी नाका निवासी मुकुट बिहारी जायसवाल का 5 जनवरी को आकस्मिक निधन हो गया। वे करीब 88 वर्ष के थे। इनका अंतिम संस्कार 6 जनवरी को स्थानीय गेज नदी स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे भाजपा कोरिया के पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल एवं विपिन बिहारी जायसवाल के पिता थे। स्व. जायसवाल अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

**न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर**
**जिला कोरिया (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
क्रमांक /वाचक / 2024
बैकुण्ठपुर दिनांक / /2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासी/ नगरवासी ग्राम चित्ताझोर पोड़ी की आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका उमेश कुमार पिता/पति परस राम जाति पनिका निवासी चित्ताझोर पोड़ी तहसील बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया के द्वारा रामकुंवर निवासी जिला चिकित्सालय बैकुन्ठपुर का मृत्यु दिनांक 8/10/2019 को होने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 16/1/2026 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियो पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 5/1/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)

### आत्मनिर्भर भारत के तहत भाजपा का युवा सम्मेलन

# देश के परिवर्तन में युवाओं का बड़ा योगदान



सम्मेलन में उपस्थित प्रभारी मंत्री व अन्य।



उपस्थित कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुण्ठपुर

आत्मनिर्भर भारत के तहत युवा सम्मेलन सांस्कृतिक भवन बैकुंठपुर में प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम एवं भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम पश्चात प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम का करमा, ढोल-नगाड़ा व आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया। अतिथियों ने भारत माता, डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर शुभारंभ किया।

इस अवसर प्रभारी मंत्री श्री नेताम ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि युवा मोर्चा पार्टी की ताकत है, देश के परिवर्तन में युवाओं का सबसे बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि देश को स्वावलंबी बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने कार्य, उत्पाद और सोच में स्वदेशी भाव को अपनाना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और ऐसे समय में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने आह्वान किया कि युवा अपनी ऊर्जा, कौशल और नवाचार को समाज एवं राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित करें। विधायक श्रीमती रेणुका सिंह ने कहा कि युवाओं के कंधों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, जिसको आप सभी मिलकर के पूरी कर सकते हैं आने वाला समय आपका है। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत ही देश के उज्जवल भविष्य की मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में भारत ने अपनी वैक्सीन बनाकर न केवल अपने नागरिकों को सुरक्षा दी बल्कि पूरे विश्व को वैक्सीन उपलब्ध कराते हुए आत्मनिर्भर भारत की शक्ति को सिद्ध किया। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सतेन्द्र राजवाड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को लेकर युवा मोर्चा कार्यकर्ता गांव-गांव तक जाएंगे। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम, विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, पूर्व नपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे, जिला सहकारी बैंक सरगुजा के उपाध्यक्ष जगदीश साहू, जिला उपाध्यक्ष बसंत राय, अनिल साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, कपिल जायसवाल, जिला मंत्री ईश्वर राजवाड़े, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सतेन्द्र राजवाड़े, जिला महामंत्री मनोज साहू, साक्षी सिंह राजपूत, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीता यादव, जिला कार्यालय मंत्री मंजू जिवनानी, जिला सह मीडिया प्रभारी गणेश यादव, जिला सोशल मीडिया संयोजक जगनारायण साहू, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, मैनेजर राजवाड़े, संजय चिकनजूरी, दीपा विश्वकर्मा, राजाराम राजवाड़े, रामलखन यादव, किशोर सिरदार, रवि त्रिपाठी, रमन गुप्ता, सचिदानंद द्विवेदी, मुन्ना चक्रधारी, सुशीला यादव सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रभारी मंत्री ने 266 हितग्राहियों को डीबीटी से वितरित किए 31.92 लाख रूपए

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन से गांव-गांव में स्वच्छता की एक नई जागरूकता आई है। अब प्रत्येक परिवार खुले में शौच से परहेज कर अपने सम्मान और स्वास्थ्य के लिए पक्के जलवाहित शौचालयों का नियमित उपयोग कर रहा है। इसी क्रम में छग शासन के कैबिनेट मंत्री एवं कोरिया जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने बटन दबाकर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत 266 हितग्राहियों को शौचालय निर्माण के लिए 31 लाख 92 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) के माध्यम से उनके बैंक खातों में अंतरित की। प्रभारी मंत्री श्री नेताम गत दिवस जिले में विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत हितग्राहियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की। लाभान्वित हितग्राहियों में जनपद पंचायत सोनहत के 97 तथा जनपद पंचायत बैकुंठपुर के 169 हितग्राही शामिल हैं। इस अवसर पर भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से जिले में स्वच्छता की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। शौचालय निर्माण से न केवल स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा मिला है, बल्कि ग्रामीणों के जीवन स्तर में भी सकारात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि डीबीटी प्रणाली के माध्यम से राशि सीधे हितग्राहियों के खातों में पहुंचने से प्रक्रिया पारदर्शी, सरल और प्रभावी बनी है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार सभी पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप से डीबीटी के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है तथा यह प्रक्रिया आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# प्रत्येक पंचायत में मांग के आधार पर उपलब्ध कराएं रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुण्ठपुर

कोरिया जिले में महात्मा गांधी राष्टीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में मांग के आधार पर अकुशल रोजगार उपलब्ध कराए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक श्रीमती चंदन त्रिपाठी द्वारा आगामी 7 जनवरी को प्रत्येक ग्राम पंचायत में चावल उत्सव के साथ रोजगार दिवस एवं आवास दिवस आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रारंभ की गई मोर गांव मोर पानी योजना के साथ जिले में संचालित आवा पानी झोंकी अभियान को बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक आजीविका डबरी निर्माण एवं आजीविका संवर्धन से संबंधित कार्य स्वीकृत किए जाएंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रगति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अब प्रत्येक माह की 7 तारीख को चावल उत्सव एवं रोजगार दिवस के साथ आवास दिवस भी मनाया जाएगा। इस अवसर पर पंचायत राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए ग्राम पंचायतों में स्थापित क्यूआर कोड के माध्यम से योजनाओं की जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। प्रत्येक माह आयोजित रोजगार दिवस के दौरान आजीविका डबरी निर्माण तथा जल संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़ी गतिविधियों पर विशेष चर्चा की जाएगी। ग्रामीणों को डबरी के माध्यम से आजीविका संवर्धन की उपयोगिता के संबंध में जागरूक किया जाएगा। रोजगार दिवस के अवसर पर केन्द्र सरकार द्वारा प्रारंभ की गई वीबीजीरामजी योजना की जानकारी भी ग्रामीणों को दी जाएगी। इस योजना के अंतर्गत मनरेगा से आगे बढ़ते हुए पंजीकृत ग्रामीण परिवारों को 125 दिवस का अकुशल रोजगार उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है। जिला पंचायत द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में न्यूनतम 20 उपयुक्त कार्य युक्तधारा पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। तकनीकी मापदंडों के अनुसार आजीविका डबरी निर्माण, आजीविका संवर्धन योजना तैयार करना, संधारण अवधि के पौधरोपण एवं नर्सरी कार्यों को छोड़कर सभी अपूर्ण कार्यों को पूर्ण कराना, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को 90 दिवस की अकुशल श्रमिक राशि का लाभ प्रदान करना तथा क्यूआर कोड के माध्यम से योजनाओं की जानकारी का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाएगा। उपरोक्त निर्देशों की जनपद एवं जिला पंचायत स्तर पर प्रतिदिन निगरानी एवं समीक्षा की जाएगी। राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार पांच लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कार्ययोजना तैयार कर मार्च 2026 तक समय-सीमा निर्धारित की गई है।



■ मनरेगा अंतर्गत पांच लक्ष्यों पर दैनिक प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश

# जिला चिकित्सालय की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुण्ठपुर



कलेक्टरेट सभाकक्ष कोरिया में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम की अध्यक्षता में जीवन दीप समिति, जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर की साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, जिला वनमंडलाधिकारी चंद्रशेखर शंकर सिंह परदेशी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रशांत सिंह, सिविल सर्जन डॉ. आयुष जायसवाल सहित जीवन दीप समिति के सदस्य उपस्थित रहे। मंत्री श्री नेताम ने जिला प्रशासन एवं डीएमएफ के सहयोग से प्रदेश का पहला बुजुर्ग देखभाल केन्द्र प्रारंभ किए जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए इसे सुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की इस संवेदनशील पहल की सराहना करते हुए कहा कि अन्य जिलों में भी इस प्रकार के बुजुर्ग देखभाल केन्द्र प्रारंभ किए जाने पर विचार किया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि इस बुजुर्ग देखभाल केन्द्र में वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क जांच, उपचार, दवाइयां, फिजियोथेरेपी एवं पंचकर्म जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रभारी मंत्री श्री रामविचार नेताम ने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़, सुचारू एवं जनहितकारी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉ. आयुष जायसवाल द्वारा पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिला चिकित्सालय की स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति, मानव संसाधन की स्थिति, ओपीडी, आईपीडी, प्रसव सेवाएं, शल्य क्रियाएं, डायग्नोस्टिक सेवाएं, ब्लड बैंक, डायलिसिस, एसएनसीयू एवं एनआरसी सहित अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जीवन दीप समिति के 7 सदस्यों की नियुक्ति के संबंध में सहमति प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त भंडार क्रय नियमों के अंतर्गत तथा छग मेडिकल सर्विस कारपोरेशन से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर जीवन दीप समिति द्वारा दवाइयों की खरीदी किए जाने पर भी सहमति दी गई। इसी प्रकार लैब रिएजेंट्स की खरीदी के लिए भी उक्त प्रक्रिया अपनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में जीवन दीप समिति के आय-व्यय विवरण, सामान्य कचरा निस्तारण व्यवस्था, नवीन ओपीडी एवं मीटिंग हॉल के सुदृढ़ीकरण, तथा जिला चिकित्सालय में 247 लैब एवं फामेर्सी संचालन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की गई, जिन पर प्रभारी मंत्री द्वारा सहमति प्रदान की गई।

# हिन्द विद्यालय में पेरेंट्स मीटिंग: आरटीई विद्यार्थियों को मिला स्कूल ड्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरचा कॉलरी



हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल चरचा कॉलरी में सोमवार को पैरेंट्स टीचर्स मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में नर्सरी से लेकर 12 वीं कक्षा तक के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने काफी संख्या में सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों को विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन, पाठ्यक्रम, परीक्षा प्रणाली तथा विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति से अवगत कराना रहा।

बैठक के दौरान विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने अभिभावकों से सीधे संवाद कर बच्चों के अध्ययन स्तर, व्यवहार, उपस्थिति एवं सर्वांगीण विकास पर विस्तार से चर्चा की। शिक्षकों ने बताया कि बदलते शैक्षणिक परिदृश्य में बच्चों को केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों, अनुशासन, खेलकूद एवं रचनात्मक गतिविधियों से भी जोड़ना आवश्यक है। अभिभावकों को बच्चों की नियमित पढ़ाई, समय प्रबंधन और डिजिटल संसाधनों के संतुलित उपयोग को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण आरटीई के अंतर्गत प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों के लिए आयोजित ड्रेस वितरण कार्यक्रम रहा। इस अवसर पर केजी 1 से लेकर 8 वीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं को विद्यालय की ओर से निःशुल्क स्कूल ड्रेस प्रदान की गई। ड्रेस प्राप्त करते समय बच्चों के चेहरों पर उत्साह साफ झलक रही थी, वहीं अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि आरटीई के तहत अध्ययनरत बच्चों को समान शैक्षणिक वातावरण और सुविधाएं उपलब्ध कराना विद्यालय की प्राथमिकता है, ताकि किसी भी बच्चे को संसाधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित न होना पड़े। पैरेंट्स मीटिंग के माध्यम से विद्यालय और अभिभावकों के बीच आपसी विश्वास और सहयोग को और मजबूत करने का प्रयास किया गया। अभिभावकों ने भी विद्यालय द्वारा आयोजित इस बैठक को उपयोगी बताते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों की प्रगति की सही जानकारी मिलती है और समस्याओं का समय रहते समाधान संभव हो पाता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में अनुशासन, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था की भी जानकारी दी गई। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि बच्चों के सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण में अध्ययन के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# भूमि पूजन के 9 महीने बाद भी कुदरगढ़ धाम में रोपवे निर्माण के लिए नहीं मिली राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कुदरगढ़ धाम में रोपवे निर्माण की महात्वाकांक्षी योजना राशि के अभाव में अटकती नजर आ रही है। रोपवे निर्माण के लिए पांच महीने का समय गुजरने के बावजूद अभी तक प्रदेश सरकार ने इसके लिए राशि जारी नहीं किया है।

कुदरगढ़ देवी धाम सूरजपुर जिलान्तर्गत दूरस्थ विकासखण्ड ओड़गी में स्थित है जहां कुदरगढ़ की पहाड़ी पर देवी का प्राचीन मंदिर है। कुदरगढ़ पहाड़ी की ऊंचाई समुद्रतल से 2000 फीट है तथा धाम तक पहुंचने के लिए पहाड़ के पत्थरों को काटकर 910 सीढ़ियों का निर्माण किया गया है। चैत्र एवं शारदीय नवरात्र में धाम में विशाल मेला लगता है तथा दूर-दूर के श्रद्धालु देवी का दर्शन-पूजन करने पहुंचते हैं। पहाड़ की ऊंचाई अधिक होने के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालु धाम तक नहीं पहुंच पाते जो पहुंचते है उन्हें घंटों पहाड़ की कठिन चढ़ाई करनी पड़ती है।

### श्रद्धालुओं को होगी सहुलियत

कुदरगढ़ धाम में रोपवे बनने से श्रद्धालुओं को काफी सहुलियत होगी तथा श्रद्धालु कम समय में देवी का दर्शन कर सकेंगे। पहाड़ी सीढ़ियां चढ़ने के दौरान बुजुर्ग एवं महिला श्रद्धालुओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने के कारण लोग मध्यरात्रि के बाद ही धाम की सीढ़ियां चढ़ना शुरू कर देते हैं। रोपवे बनने से ऐसे श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिलेगी।

### सीएम ने दिए हैं आश्वासन

राशि के लिए मेरे साथ ट्रस्ट के सदस्य मुख्यमंत्री से मिले थे। मुख्यमंत्री ने शीघ्र राशि जारी करने एवं रोपवे निर्माण में राशि की कमी नहीं होने आश्वासन दिए हैं।

-राम सेवक पैकरा
अध्यक्ष, कुदरगढ़ धाम ट्रस्ट

## पृष्ठ 1 का शेष

### खड़गवां में आधुनिक ...

उन्होंने बताया कि इस महत्तवपूर्ण उपलब्धि के पीछे स्थानीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के सतत प्रयास और प्रतिबद्धता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि यह संस्थान इसलिए स्थापित किया गया है ताकि क्षेत्र के बेटे-बेटियां कृषि, उद्यानिकी एवं संबंधित विषयों की उच्च शिक्षा अपने ही अंचल में प्राप्त कर सकें और उन्हें बड़े शहरों की ओर पलायन न करना पड़े। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने क्षेत्र में नवीन पशु औषधालय भवन की स्वीकृति की घोषणा भी की, जिससे पशुओं के उपचार, टीकाकरण एवं स्वास्थ्य सेवाओं में सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही कृषि महाविद्यालय खड़गवां में छात्रावास एवं महाविद्यालय से संबंधित आवश्यक सेटअप की मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में क्षेत्र में और भी विकास कार्यों का शुभारंभ किया जाएगा। जिले के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि जिले के खड़गवां विकासखंड में शिक्षा, सड़क और स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हो रही है। इसके लिए रामविचार नेताम जो वर्तमान में मंत्री और जिले के प्रभारी हैं, ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पिछले 15 वर्षों में उनके प्रयासों से खड़गवां ब्लॉक में 46 हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल, दो कॉलेज, एक कृषि महाविद्यालय, एक एकलव्य विद्यालय और स्वामी आत्मानंद स्कूल स्थापित किए गए हैं। सड़क निर्माण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य हुआ है। जिले में लगभग 200 सड़क परियोजनाएं चल रही हैं। खड़गवां ब्लॉक में हाल ही में 28 नई सड़कें स्वीकृत हुई हैं, जबकि जनकपुर क्षेत्र में लगभग 100 सड़कें निमार्णाधीन हैं। स्वास्थ्य सेवाओं में भी सुधार हो रहा है। मनेन्द्रगढ़ में मेडिकल कॉलेज और चिरमिरी में जिला अस्पताल का निर्माण जारी है।

### प्रभारी मंत्री नेताम ...

शाल, कंबल, श्रीफल, फल एवं मिठाई का वितरण भी किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### समाज को सकारात्मक ...

उच्च स्तर की हो चुकी है कि ऐसा प्रतीत होता है मानो बॉलीवुड के कलाकार ही यहां प्रस्तुत हो रहे हों। उन्होंने कहा कि चिरमिरी हर क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। स्वास्थ्य सुविधाएं, आवागमन, शिक्षा, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, लाइवलीहुड कॉलेज का विस्तार हो रहा है। बंद पड़ी खदानें पुनः चालू हो रही हैं तथा शीघ्र ही चिरमिरी में नर्सिंग कॉलेज एवं जिला चिकित्सालय में सात विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की जाएगी। पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल ने कहा कि बहरूपिया प्रतियोगिता के माध्यम से वेशभूषा द्वारा समाज को संदेश देना एक अद्भुत पहल है। आने वाले वर्षों में यह आयोजन जिला स्तर से बढ़कर प्रदेश स्तर का हो, यही कामना है। कार्यक्रम के प्रारंभ में यूथ क्लब के अध्यक्ष संजय सिंह ने सभी कलाकारों, मंचासीन अतिथियों, व्यापारी संघ चिरमिरी एवं आयोजन में सहयोग करने वाले सभी व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में यूथ क्लब के अध्यक्ष संजय सिंह सहित अमरेश सिंह, राकेश पाराशर, रामशंकर मिश्रा, लक्की पारासर, शिवानंद तिवारी, राजकुमार सिंह, सौरभ सिंह, संदीप, राजा, पुरूनेन्दु राजा, ज्ञानचंद दुबे, सानू सिंह, मानू सिंह, राहुल अग्रहरी, रियाजुद्दीन देशमुख सहित क्लब के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। निर्णायक मंडल में विश्वजीत आचार्य, सुमंत भट्टाचार्य, राकेश सिंह, शिवराम दलई, देवेन्द्र सिंह, मुकेश भानू, नरेन्द्र बेहरा, कदीर, डीके उपाध्याय, राजकुमार मिश्रा, एसके दत्ता, श्रीकांत शुक्ला, श्रीमती ममता सिंह, आकांक्षा, मालती, मिथलेश पाराशर एवं सुकुमार चटर्जी शामिल रहे।



4 फरवरी 2026 11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)



चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई, 22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशिः-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411